## नाबालिग बालिका का अपहरण करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**जयपुर।** शास्त्रीनगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपित को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से अपहरण कर ले गई नाबालिग लड़की को भी छुड़वाया। गौरतलब है कि आरोपित डेढ़ महीने पहले बहला-फुसलाकर ट्रेन में बैठाकर नाबालिग को उत्तर प्रदेश ले गया था। जो इंस्टाग्राम से रिश्तेदार-दोस्तों से सम्पर्क में रहकर पहचान छिपाकर ढाबे पर काम कर रहा था।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि शास्त्रीनगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपित पंकज (19) निवासी सुरेन्द्र नगर गुजरात हाल इंद्रा कॉलोनी कोतवाली मुज्जफर नगर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है।

पुलिस फुटेज के आधार पर पीछा करने पर ट्रेन से आगरा जाना। आगरा से दिल्ली और उसके बाद शांहजाहपुर उत्तर प्रदेश होने का पता चला। जांच के दौरान आरोपित के इंस्टाग्राम के जरिए रिश्तेदार-दोस्तों से सम्पर्क में होने का पता चला। शांहजाहपुरा में पहचान छिपाकर आरोपित एक ढाबे पर काम कर रहा था। पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को धर-दबोचा।

# 'मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव गतिविधियों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं हो'

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि प्रदेश में मानसून के दौरान अच्छी बारिश हो रही है। बारिश थमने के बाद मौसमी बीमारियों के प्रसार की आशंका बनी रहती है। सभी जिलों में पुख्ता तैयारियों के साथ मौसमी बीमारियों को प्रभावी प्रबंधन किया जाए। रोकथाम एवं बचाव गतिविधियों के साथ-साथ जांच एवं उपचार के लिए माकूल इंतजाम हों। राज्य स्तर के साथ-साथ संभाग एवं जिला स्तर पर मौसमी बीमारियों की सघन मॉनिटरिंग हो। विभाग के अधिकारी जीवन रक्षा के उद्देश्य को सर्वोच्च रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

चिकित्सा मंत्री मंगलवार को स्वास्थ्य भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में प्रदेश में मौसमी बीमारियों की स्थिति एवं रोकथाम गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम एवं यूडीआईडी कार्ड के लम्बित मामलों सहित अन्य विषयों पर भी विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में





**चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह ( बीच में ) ने स्वास्थ्य भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली।**

मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य, संयुक्त निदेशक एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारी भी वीसी के माध्यम से जुड़े।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव गतिविधियों में किसी स्तर पर लापरवाही नहीं हो। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों से ग्रसित रोगियों को तत्काल प्रभाव से जांच एवं उपचार उपलब्ध करवाया जाए। उन्होंने राज्य स्तर के अधिकारियों को सभी जिलों पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि जिन जिलों में केस ज्यादा आ रहे हैं, वहां टीमें एवं संसाधन बग्राकर स्थिति को नियंत्रित करें। मौसमी बीमारियों की जांच हेतु काम में ली जाने वाली आवश्यक किट एवं दवाओं की निर्बाध आपूर्ति के साथ पर्याप्त संख्या में बैड्स की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आमजन को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार गतिविधियां आयोजित करने के भी निर्देश दिए। खींवसर ने टीबी

**■ उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों से ग्रसित रोगियों को तत्काल प्रभाव से जांच एवं उपचार उपलब्ध करवाया जाए**

मुक्त भारत अभियान के तहत संचालित किए जा रहे 100 दिवसीय अभियान की समीक्षा की। उन्होंने टीबी स्क्रीनिंग कार्य में गति लाते हुए निर्धारित समय सीमा में लक्ष्य अर्जित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि निक्षय पोर्टल पर नियमित रूप से डेटा इन्द्राज किया जाए। उन्होंने कहा कि 21 जुलाई तक 93 लाख 97 हजार से अधिक व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई है। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में लक्ष्य के अनुरूप स्क्रीनिंग नहीं हो पाई है, वहां इस कार्य को गति दें। लाभार्थियों को निक्षय पोषण योजना के तहत उनके बैंक अकाउंट में देय राशि नियमित रूप से हस्तांतरित की जाए। बैठक में बताया गया है कि 40 हजार 815 लाभार्थियों को राशि हस्तांतरित की जा चुकी है।

## बस का इंतजार कर रहे युवक को तेज रफ्तार कार ने कुचला

**जयपुर।** बगरू थाना इलाके के जयपुर-अजमेर एक्सप्रेस हाईवे पर मंगलवार सुबह तेज रफ्तार कार के युवक को रौंदने से मौत हो गई।

पुलिस जानकारी में सामने आया कि गांव जाने के लिए निकला युवक रोड किनारे खड़ा होकर बस का इंतजार कर रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर घायल को अस्पताल पहुंचाया। जहां कुछ देर बाद ही इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को सीएससी बगरू की मोर्चरी में रखवाया है।

थानाधिकारी मोती लाल शर्मा ने बताया कि हादसे में नागौर जिले के डेगाना हाल बेगस निवासी जगदीश (40) की मौत हो गई। जो पेट्रोल पम्प पर नौकरी करता था।

मंगलवार सुबह वह अपने गांव जाने के लिए बगरू पुलिया आया था और वहां पुलिया उतरकर कुछ दूरी पर रोड किनारे खड़ा होकर बस का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान जयपुर से अजमेर की ओर जा रही

**■ पुलिस जानकारी में सामने आया कि गांव जाने के लिए निकला युवक रोड किनारे खड़ा होकर बस का इंतजार कर रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर घायल को अस्पताल पहुंचाया**

तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। वहीं इस हादसे के बाद चालक मौके पर कार छोड़कर फरार हो गया।

हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में मिले जगदीश को अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसका मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कार को जब्त कर चालक की तलाश कर रही है।

## महिला के गले से सोने का जंतर तोड़कर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस की विशेष टीम ने वृद्व महिला के गले से सोने का जंतर तोड़कर ले जाने वाले शातिर बदमाश को जयपुर ,दौसा ,सीकर तक पीछा कर दबोचते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से अन्य लूट की वारदातों को लेकर गहतना से पूछताछ करने में जुटी है। गिरफ्तार आरोपी से लूट की अन्य वारदाते खुलने की संभावना जताई जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि 4 जुलाई 2025 को थाना इलाके में रहने वाले परिवादिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई की वो खेत में आए जानवरों को भगाने के लिए गई थी। तभी दो बदमाश तेज रफ्तार बाइक पर आए पीने का पानी मांगने के बहाने गले पर झपट्टा मार सोने का जंतर तोड़ ले गए। पुलिस ने विशेष टीम का गठन कर सीसीटीवी व तकनीकी सहायता के आधार पर जयपुर,दौसा,सीकर में आरोपी का पीछा करते हुए जगदीश उर्फ जाखड़ा (32) पुत्र रतन लाल हरीरामपुरा, बस्सी निवासी को दबोच लिया।

## एलन कारगिल विजय दौड़ के साथ हथियारों की लगेगी प्रदर्शनी

**जयपुर / कोटा, ।** कारगिल युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर की जीत का जश्न मनाने के लिए एक अनोखी दौड़ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कोटा सहित अन्य जगह के कई धावक हिस्सा ले रहे हैं। इस अनोखी दौड को लेकर कोटा शहरवासियों में काफी उत्साह हैं। एलन कारगिर विक्ट्री रन 2025 का आयोजन 26 एवं 27 जुलाई, 2025 को किया जा रहा है। रोटरी क्लब कोटा सेंट्रल के अध्यक्ष सीए विपुल अग्रवाल ने बताया कि इस दौड़ में आर्मी के 44 जवान भी दो टुकड़ियों में दौड़ेंगे। उन्होंने कहा कि श्रीनाथपुरम स्टेडियम में आर्मी की ओर से हथियारों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी जो आकर्षण का केन्द्र होगी। यह प्रदर्शनी आमजन के लिए खुली रहेगी, जिसे कोटावासी देख सकेंगे। इसके साथ ही आर्मी का बैंड भी रहेगा जो देशभक्ति धुनों का प्रदर्शन करेगा। इस आयोजन के पोस्टर का विमोचन किया गया जिसमें नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी सहित कई लोग उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह रन 26 जुलाई शाम 5 बजे से 27 जुलाई सुबह 10 बजे तक होगी जिसमें 527 धावक शामिल होंगे और प्रत्येक धावक 3.8 किलोमीटर की दौड़ को पूरा करेगा। सचिव नवजोत भसीन ने बताया कि देश के वीर सपूतों को इस दौड़ के माध्यम से सच्ची श्रद्धांजलि दी जाएगी वहीं सेना के पराक्रम पर सभी गौरांवित हो सकेंगे। इस आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही है। 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर सीमित सीटें हैं, जिनका रजिस्ट्रशन किया जा रहा है। प्रतिभागी को आवंटित समय पर अपनी रन बटालियन के साथ दौड़ना होगा, एक ग्रुप में 22 सदस्य एक बार में दौड़ेंगे और उसके बाद दूसरा ग्रुप दौड़ेगा, एक ग्रुप करीब 35 मिनट में 3.8 किलोमीटर दौड़ेगा और इस तरह 14 घंटे में 1999 किलोमीटर की दौड़ पूरी होगी। इस दौड के माध्यम से एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाएगा। देश के वीर सिपाही इन दिग्गजों का सम्मान करने के लिए पूरा कोटा ही नहीं आसपास के क्षेत्रों से भी लोग उपस्थित रहेंगे। 527 धावक इस दौड़ के माध्यम से कारगिल व ऑपरेशन सिंदूर युद्ध शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। इस दौड के लिए 14 घंटे का समय निर्धारित किया गया।

## मानव भ्रूण मिलने से फैली सनसनी

**जयपुर।** मालवीय नगर थाना इलाके में मानव भ्रूण मिलने से सनसनी फैल गई। जानकरी के अनुसार इस मानव भ्रूण को श्वान उठाकर लेकर आए थे।

किसी तरह लोगों ने श्वानों से भ्रूण को छुड़वाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टमॉर्टम के लिए भ्रूण को जयपुरिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

एएसआई मुकेश कुमार ने बताया कि मालवीय नगर में सीटू प्लाजा के सामने वाली रोड पर मानव भ्रूण मिला। जिसे श्वानों लाया गया था।

भ्रूण मिलने का पता चलने पर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जयपुरिया अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया।

पुलिस प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि भ्रूण करीब 2-3 महीने का है। अज्ञात परिजनों ने भ्रूण को फेंका है। जिसे श्वान मुंह में दबाकर बीच रोड पर ले आए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## मंदिर से दान पात्र चुराने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** हरमाडा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मंदिर से दानपात्र चोरी करने वाले दो नकबजनों को धर-दबोचा है और उनके पास से चुराई गई नकदी सहित दानपात्र भी बरामद किया है।

एएसआई प्रमोद कुमार ने बताया कि गोविन्दपुरा में खाखीजी महाराज के मंदिर में रखे दानपात्र को चोरी करने वाले आरोपित बच्चा उर्फ धर्मेश उर्फ भैरू नायक और रामबाबू नायक को गिरफ्तार किया है। दोनो ही आरोपित हरमाड़ा इलाके के रहने वाले है। दोनों ही बदमाश नशे के आदि होने पर अपने नशे का शौक पूरा करने के लिये दिन के समय कॉलोनियों में रेकी करते थे और सुने मकानों के बाहर लगे ताला को देखकर व मंदिरों को देखकर रात्रि के समय ताला तोड़कर मकान व मंदिरों के अन्दर से नगदी रूपये को चुराकर अपने साथ लेकर अपने मौज मस्ती व नशे में पैसों को खर्चा कर देते थे।

# हनुमानगढ़ पुलिस ने एक करोड़ की हेरोइन जब्त की

**जयपुर ।** हनुमानगढ़ जिले में नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक हरी शंकर के निर्देशन में हनुमानगढ़ पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। संगरिया पुलिस ने 268.6 ग्राम अवैध हेरोइन (चिट्टा) के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है, जब्त हेरोइन की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक हरी शंकर ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जनेश तंवर ने बताया कि थानाधिकारी अमर सिंह के नेतृत्व में संगरिया पुलिस की एक टीम ने यह महत्वपूर्ण गिरफ्तारी की। जहां पुलिस ने गश्त के दौरान रोही इंद्रगढ़ क्षेत्र में आरोपित संजू कुमार उर्फ संजय नायक (22) निवासी खुईखेड़ा जिला फाजिल्का पंजाब को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। पुलिस की ओर से तलाशी लेने पर उसके पास से 268.6 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ थाना संगरिया में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की आगे की जांच पुलिस थाना टिब्बी थानाधिकारी हंसराज लूणा द्वारा की जा रही है। इस सफल ऑपरेशन में उपनिरीक्षक प्रमोद सिंह के साथ कांस्टेबल मनदीप सिंह, मनोज कुमार, रविंद्र कुमार और कांस्टेबल चालक दीनदयाल शामिल थे। जिला विशेष टीम हनुमानगढ़



**पुलिस ने आरोपित संजू कुमार उर्फ संजय नायक ( 22 ) निवासी खुईखेड़ा को गिरफ्तार किया।**

के कांस्टेबल साहब राम और देवकरण ने भी इस कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## मोदी सरकार ने युवाओं को अनुभव, कौशल और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए शुरू की पीएम इंटर्नशिप योजना : सांसद मदन राठौड़

**जयपुर ।** देश के 1 करोड़ से अधिक युवाओं को शीर्ष प्रतिष्ठित 500 कंपनियों में इंटर्नशिप दिलाने के उद्देश्य से मोदी सरकार की ओर से प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना शुरू की गई।

पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू की गई इस योजना का एक वर्ष का लक्ष्य 1.25 लाख इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना तय किया गया। 9 जनवरी 2025 को शुरू हुए पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत 327 भागीदार कंपनियों ने देश के 735 जिलों में 1.18 लाख से अधिक इंटर्नशिप अवसर प्रदान किए।

यह जानकारी राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के सवाल के जवाब में कारपोरेट कार्य मंत्रालय और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने सदन को दी। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने बताया कि 17 जुलाई तक साझेदार कंपनियों ने युवाओं को 71000 से अधिक आफर दिए और 22500 से अधिक आफर स्वीकार किए गए।

उन्होंने बताया कि 21 से 24 आयु वर्ग के युवाओं को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत इंटर्नशिप करवाई जा रही है। इसके लिए न्यूनतम हाई स्कूल, हायर सैकेंडरी स्कूल पास करने के साथ आईटीआई प्रमाण पत्र, बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए, बीबीए, बी फार्मा आदि जैसी डिग्री के साथ स्नातक योजना में आवेदन के पात्र है। कारपोरेट कार्य मंत्रालय इस योजना के प्रचार प्रसार के लिए राज्य सरकारों के साथ उद्योग संघ, शैक्षिणक संस्थानों में सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

## श्रीमाहेश्वरी समाज के 27 जुलाई को होने वाले चुनाव में कोर्ट का दखल से इनकार

**जयपुर ।** जयपुर मेट्रो प्रथम की अपर सिविल न्यायाधीश कोर्ट ने श्रीमाहेश्वरी समाज, जयपुर के 27 जुलाई को होने वाले चुनाव और पूरी चुनाव प्रक्रिया में दखल देने से मना कर दिया है।

वहीं प्रार्थी के नामांकन पत्र को रद्द करने वाले 15 जुलाई 2025 के आदेश को स्थगित करते हुए उसे भी चुनाव में भाग लेने की मंजूरी दी है।

कोर्ट ने यह निर्देश कार्यकारिणी के मौजूदा सदस्य आलोक झंवर के अस्थाई निषेधाज्ञा प्रार्थना पत्र पर दिया। कोर्ट ने आदेश में कहा कि चुनाव प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और कोर्ट इसमें दखल नहीं दे सकता।

दरअसल प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में कहा था कि 27 जुलाई को श्रीमाहेश्वरी समाज, जयपुर के त्रिवार्षिक चुनाव 2025-28 हो रहे हैं, लेकिन यह चुनाव पूर्व विधान के अनुसार नहीं हो रहे और 23 फरवरी 2020 के संशोधित विधान के अनुसार हो रहे हैं। पूर्व विधान में सदस्यों की संख्या 72 थी, जिसे अब बढ़ा दिया है।

ऐसे में यह चुनाव संविधान के विपरीत और अवैध तौर पर हो रहे हैं। उसने चुनाव से पहले 22 अप्रेल 2025 को समाज के अध्यक्ष को अभ्यावेदन देकर इस संबंध में आपत्ति जताई थी, लेकिन उसके बावजूद भी उसके अभ्यावेदन को तय नहीं किया गया है।

इसलिए 27 जुलाई को नए विधान के अनुसार होने वाले चुनाव और इसकी चुनाव प्रक्रिया को अस्थाई निषेधाज्ञा जारी कर स्थगित किया जाए। वहीं वादी को जोन-4 से चुनाव लड़ने की मंजूरी दी जाए।

# भौम प्रदोष पर शिव मंदिरों में किया भोलेनाथ का पूजन

**जयपुर।** भौम प्रदोष व्रत पर छोटीकाशी के शिवालय हर हर महादेव, बोल बम और ताडक़ बम के जयघोष से गूंज उठे। ब्रह्म मुहूर्त से ही भक्तों की भीड़ मंदिरों में उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का जल, दूध, बिल्वपत्र, फल, पुष्पों से अभिषेक कर पूजा-अर्चना की। शहर के प्रमुख शिवालयों में रुद्राभिषेक, सहस्त्रघट और शिव चालीसा पाठ जैसे अनुष्ठान दिनभर चलते रहे। ओम नमः शिवाय के जाप के साथ वातावरण पूरी तरह शिवमय बना रहा। भौम प्रदोष व्रत पर महिलाओं की आस्था भी देखते ही बनती थी। पारंपरिक लहरिया साड़ी पहनकर महिलाओं ने भगवान शिव-पार्वती का पूजन किया। विभिन संस्थाओं की महिलाएं सामूहिक रूप से एक रंग की लहरिया पहनकर मंदिरों में पहुंचीं।

ताडक़ेश्वर महादेव मंदिर में सुबह 3:30 बजे पट खोले गए और चार बजे

**■ श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का जल, दूध, बिल्वपत्र, फल, पुष्पों से अभिषेक कर पूजा-अर्चना की। शहर के प्रमुख शिवालयों में रुद्राभिषेक, सहस्त्रघट और शिव चालीसा पाठ जैसे अनुष्ठान दिनभर चलते रहे। ओम नमः शिवाय के जाप के साथ वातावरण पूरी तरह शिवमय बना रहा**

से अभिषेक आरंभ हो गया जो दोपहर तक चला। शाम को मंदिर में विशेष झांकी सजाई गई। आमेर रोड स्थित काला महादेव मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में पंचामृत अभिषेक हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। झोटवाड़ा रोड स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही दर्शनार्थियों की कतारें सडक़ तक लगी रहीं। यहां श्रद्धालुओं ने अद्र्धनारीश्वर रूप के दर्शन कर शिव चालीसा का पाठ किया।

बनीपार्क के जंगलेश्वर महादेव मंदिर में श्वेत शिवलिंग पर दिनभर जलाभिषेक हुआ और शाम को फूलों की सुंदर झांकी सजाई गई।

रात्रि को अनेक शिव मंदिरों में भजन संध्याओं का आयोजन हुआ, जिसमें कलाकारों ने भगवान भोलेनाथ के भजनों के माध्यम से वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।

**विलक्षण 108 लिंगी रामेश्वरम् महादेव :**

भौम प्रदोष पर मंगलवार को विशनपुरा बालाजी धाम स्थित प्राचीन रघुनाथ जी एवं बालाजी मंदिर परिसर में विराजित विलक्षण 108 लिंगी रामेश्वरम् महादेव का श्रावण मास के भौम प्रदोष को भव्य श्रृंगार एवं विशेष जलाभिषेक हुआ।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने हरिद्वार से लाए गए गंगाजल, पंचामृत, सर्वोषधियों और विजया से देवाधिदेव महादेव का अभिषेक कर रामगढ़ बांध के पुनः जलमग्न होने की मंगलकामना की। मंदिर में विराजमान इस अद्भुत शिवलिंग पर नाग-नागिन की आकृति स्वतः प्रकट है, जो इसे विलक्षण बनाती है। विशनपुरा धाम से जुड़ा जयपुरवासियों का 30 वर्षों पुराना सपना-रामगढ़ बांध का फिर से जलमग्न होना-इस पावन अनुष्ठान के माध्यम से पुनः जीवंत हुआ। श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ प्रार्थना की कि भोलेनाथ, रघुनाथ जी एवं बालाजी महाराज की कृपा से वर्षा भरपूर हो और रामगढ़ बांध का गौरव फिर से लौटे।

## सार-समाचार

### शक्ति गोयनका ट्रस्ट ''गोयनका रिकग्निशन सम्मान समारोह 22 अगस्त को



**नई दिल्ली/जयपुर ।** राजस्थान के मुख्यमन्त्री भजन लाल शर्मा गोयनका समुदाय द्वारा आयोजित गोयनका संगम के दौरान आगामी 22 अगस्त को फतेहपुर शेखावाटी में जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने वाले गुमनाम नायकों को इस वर्ष के ''गोयनका रिकग्निशन सम्मान'' से अलंकृत करेंगे। शक्ति गोयनका ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी सुशील गोयनका ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2019 में शुरू किए गए इन वार्षिक पुरस्कारों में इस वर्ष 22 अगस्त को व्यापार, समाज सेवा, कला, विज्ञान, खेलकूद ,शिक्षा, साहित्य, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गोयनका समुदाय के शूरवीरों को यह पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। इस अवसर पर राजनेता, प्रसिद्ध उद्योगपति,खिलाडी आदि भी मंच पर मौजूद रहेंगे । उन्होंने बताया कि शक्ति गोयनका ट्रस्ट के तत्वाधान में आगामी 19 अगस्त से 23 अगस्त फ़तेहपुर शेखावाटी में आयोजित किये जा रहें वाले पांच दिवसीय गोयनका संगम में देश-विदेशों में बसे गोयनका समुदाय के लोग अपने पूर्वजों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए हर साल पांच दिन तक फतेहपुर शेखावाटी में इकट्ठा होते हैं।जहां इस दौरान अनेक सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते है, इसमें ज़ी समूह के चेयरमैन सुभाष चन्द्रा, इमामी ग्रुप के को-चेयरमैन आर एस गोयनका, टैली ग्रुप के चेयरमैन भरत गोयनका, पशुपति ग्रुप के चेयरमैन विष्णु गोयनका सहित देश-विदेश के अन्य दिग्गज उद्योगपति भी हिस्सा लेंगे।

### मुंबई ब्लास्ट का निर्णय अंतिम नहींः विहिप



**जयपुर।** 11 जुलाई 2006 को मुंबई में सात लोकल ट्रेंनो में बमों के धमाके हुए थे। 189 लोग मारे गए थे और 824 घायल हुए। यह आतंकवाद की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक थी। उस समय की सरकार ने एक विशेष जांच टीम बनाई थी। जांच के बाद चालान फाइन किया था। विशेष न्यायालय ने 12 लोगों को दोषी पाया था। इनमें से 5 को मृत्युदंड और सात को उम्र कैद दी थी। अब हाई कोर्ट ने निचली अदालत का फैसला पलट कर सब अभियुक्तों को बरी कर दिया है। विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने आज कहा है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने इस निर्णय को शॉकिंग बताया है। सरकार ने इस निर्णय को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती देने की भी घोषणा की है। स्पष्ट है कि हाई कोर्ट का निर्णय अंतिम नहीं है। सुप्रीम कोर्ट इसे परखेगी। यह सेमी फाइनल है, फाइनल अभी होना है। छमाही परीक्षा को सालाना परीक्षा का परिणाम नहीं माना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग इस निर्णय पर खुशी मना रहे हैं, उन्हें भी बड़ी अदालत के निर्णय की प्रतीक्षा करनी चाहिए। यह चिंता की बात है कि इस निर्णय को आने में 19 साल लगे। हम आशा करेंगे कि इस विषय की गंभीरता को देखते हुए सर्वोच्च न्यायालय अपील फाइल होने के बाद त्वरित सुनवाई कर निर्णय देगा।

### दस हजार रुपये का इनामी बदमाश चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जयपुर।** जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दस हजार रुपये के इनामी बदमाश को धर-दबोचा है और उसके पास से लूट का मोबाइल भी बरामद किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित वर्ष 2023 में लूट की वारदात कर हैदराबाद,बिजनौर, मुंबई और अजमेर में फरारी काट रहा था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी महेश चंद्र ने बताया कि 20 अप्रैल 20223 में लूटपाट के मामले में काफी दिनों से फरार चल रहे दस हजार रुपये के इनामी आरोपित वसीम उर्फ समीर उर्फ मोनू निवासी बिजनौर यूपी हाल अजमेर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक लूटा गया एक मोबाइल भी बरामद किया है। पुलिस पूछताछ मे सामने आया कि मौज-मस्ती के लिए पैसों की आवश्यकता होने पर राह चलती महिलाओं के मोबाइल फोन छीन कर फरार हो जाता है। आरोपित पुलिस से बचने के लिए हैदराबाद,बिजनौर, मुंबई और अजमेर में फरारी काट रहा था।


### केनरा बैंक डीएमपीएल सीजन 4 ट्रॉफी का अनावरण संपन्न





**जयपुर ।** मेडिकोज़ सोशल एंड वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में 25 से 27 जुलाई तक चिकित्सकों के लिए गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। केनरा बैंक के ऑर्बिट मॉल जयपुर स्थित राजस्थान सर्किल ऑफिस में इस प्रतियोगिता की ट्रॉफी के अनावरण का समारोह आयोजित किया गया। ट्रॉफी का अनावरण केनरा बैंक के राजस्थान सर्किल की महाप्रबंधक गीतिका शर्मा व उप महाप्रबंधक संजय कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीएमपीएल के संयोजक डॉ संदीप निझावन आयोजन अध्यक्ष डॉ संजीव गुप्ता ,आयोजन सचिव डॉ अनिल यादव ,चीफ कॉर्डिनेटर डॉ हरीश भारद्वाज व महात्मा गाँधी यूनिवर्सिटी जयपुर में केनरा बैंक के ब्रांच मैनेजर मुकुल विजय उपस्थित रहे। डीएमपीएल के ब्रांड एम्बेसडर बॉलीवुड सिंगर रवींद्र उपाध्याय है ।प्रतियोगिता में आठ फ्रेंचाइज़ी-हॉस्पिटल्स अपनी-अपनी टीमों के साथ ट्रॉफी जीतने की दावेदारी पेश करेंगे।

### 'मेडिकल वैल्यू ट्रेवल पॉलिसी को फोरेन एम्बेसीज में प्रमोट करना होगा'



**जयपुर।** राजस्थान सरकार द्वारा मेडिकल वैल्यू ट्रेवल पॉलिसी (हील इन राजस्थान नीति-2025) का प्रारूप तैयार किया जाना एक स्वागत योग्य कदम हैं। सीआईआई पिछले 2 सालों से इसके लिए प्रयासरत था। इससे प्रदेश में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे के साथ प्रमुख मेडिकल टूरिज्म हब बनाने की दिशा में तीव्र प्रगति होगी। संजय अग्रवाल, अध्यक्ष, सीआईआई राजस्थान ने यह बताया। उनके अनुसार सीआईआई का मानना हैं कि राज्य के प्रमुख षहरों कि डोमेस्टीक और इंटरनेषनल एयर कनैक्टिवीटी बेहतर करने के लिए सरकार द्वारा गम्भीर प्रयासों की जरूरत हैं। हमें मेडिकल वैल्यू ट्रेवल पॉलिसी (एमवीटी) को राज्य के बाहर फोरेन एम्बेसीज् और इंडियन मिषनस् में प्रभावी तरीके से प्रमोट करना होगा। अध्यक्ष सीआईआई राजस्थान ने यह भी कहा कि सीआईआई का मानना हैं कि राजस्थान में मेडिकल सेक्टर के विकास की अपार संभावनाएं हैं। 8 हजार से अधिक अस्पतालों, 40 से अधिक मेडिकल कॉलेजों और वल्र्ड क्लास प्राइवेट हास्पीटल्स् के कारण राजस्थान में एक मजबूत हैल्थ सिस्टम पहले से ही है। राज्य में बजट फ्रैंडली एवं विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाओं के साथ ही स्किल्ड मैन पॉवर की उपलब्धता के कारण यह सेक्टर देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित कर सकता है। नितिन गुप्ता, वरिष्ठ निदेशक और राज्य प्रमुख-सीआईआई राजस्थान के अनुसार पर्यटकों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होने पर राजस्थान की मेडिकल वैल्यू ट्रेवल (एम.वी.टी.) डेस्टिनेशन के रूप में एक नई पहचान बनेगी। इस नीति से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ही एमवीटी से जुड़े डिजिटल इकोसिस्टम का विकास भी सुनिश्चित होगा।